## खबर संक्षेप

### तेजस संस्था ने किया निंबुलकर का सत्कार



**पांढुर्ना ।** गत दिवस नागपुर जिले की कामठी तहसील में तेजस बहुउद्देशीय संस्था ने एक समारोह के तहत स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता सुधाकर निंबुलकर का सत्कार कर इन्हें सम्मानपत्र भेट दिया। यहां उल्लेखनीय है कि सुधाकर निंबुलकर द्वारा राष्ट्रसंत गाडगेबाबा द्वारा बताए गए 10 सुत्रीय जनहितकारी कार्यों का काफी समय से प्रचार प्रसार कर रहे हैं। संत गाडगेबाबा के लोककल्याणकारी कार्यों एवं उद्देश्यों हेतु सतत प्रयासरत समाजसेवी सुधाकर निंबुलकर की सराहना करते हुए तेजस संस्थान ने मंच पर इनका सत्कार करते हुए इन्हें एक सम्मानपत्र भेंट दिया।

### आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रशिक्षण सम्पन्न

**छिन्दवाड़ा।** समग्र शिक्षा अभियान (सेकेण्डरी एजुकेशन) के अंतर्गत एवं नई शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में 10 जून से 12 जून 2025 तक तीन दिवसीय जिला स्तरीय आर्ट इंटीग्रेटेड लर्निंग प्रशिक्षण (कला समेकित शिक्षण) का प्रशिक्षण आज सम्पन्न हुआ। जिसमें जिले के 300 स्कूलों के एक-एक शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सम्मिलित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारी करने और पहुंच विहीन ग्रामों में खाद्यान्न के अग्रिम भंडारण के दिए निर्देश

# सभी खाद वितरण केंद्रों में कृषकों के लिए करें छाया, पानी की समुचित व्यवस्थाः प्रभारी मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज जिला योजना समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में पिछली बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा करने के साथ ही निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार विभागवार समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। सुचारू खाद वितरण, बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारी,शहरी क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था, सिंचाई परियोजनाओं के फील्ड में क्रियान्वयन आदि के संबंध में जनप्रतिनिधियों से विभिन्न सुझाव भी लिए गए। बैठक में सर्वप्रथम 04 अप्रैल 2025 को आयोजित जिला योजना समिति के बैठक के कार्यवाही विवरण और निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण छिन्दवाड़ा सुश्री साक्षी शुक्ला द्वारा नगरीय क्षेत्र में नियमित पानी की सप्लाई एवं वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के संबंध में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि नगर पालिका जुन्नारदेव में 01 दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई की जा रही है एवं नियमित सप्लाई के लिए अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत 13 मार्च 2024 से कार्य प्रचलन में है। जिसके अंतर्गत ओ.एस.टी. का निर्माण एवं लगभग 1000 मीटर पाईप लाईन विस्तारीकरण का कार्य पूरा हो चुका है। परासिया क्षेत्र में जमीन में पर्याप्त पानी की उपलब्धता एवं पीने योग्य पानी के लिए नगर परिषद न्यूटन के अंतर्गत 04 बोर कराए गए, लेकिन इन बोरों से जल उपलब्ध नहीं हो पाया। वर्तमान में पेंच नदी पर 02 अस्थाई बांध एवं डगवेल खोदकर सप्लाई की जा रही है। नगर पालिका परासिया के अंतर्गत जल आपूर्ति के लिए पंचायत क्षेत्र में 03 बोर की मरम्मत का कार्य कराया गया है एवं पेंच नदी में डगवेल खुदवाकर उपलब्ध पानी से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने वैकल्पिक व्यवस्था बनाते हुए सभी नगरीय क्षेत्रों में पेयजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अवगत कराया गया कि जिले के कुल 18226 पंजीकृत किसानों में से 3700 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई गयी तथा 3017 पंजीकृत किसानों से 281229.42 क्विंटल गेहूं का उपार्जन कराया जाकर शत-प्रतिशत परिवहन कार्य कराया जा चुका है।



### किसानों को खाद बीज का हो सुविधाजनक वितरणः श्री सिंह

बैठक के एजेण्डा अनुसार खाद बीज वितरण एवं उपलब्धता की समीक्षा की गई। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने किसानों की सुविधा के लिए सभी वितरण केंद्रों में पानी, छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश जिला कलेक्टर को दिए हैं। साथ ही शासन की योजना वाले बीज के लिए शासन स्तर पर चर्चा कर शीघ्र उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने एन.पी.के. को लेकर फैली भ्रांति दूर करने और कृषकों को इसके लाभों से अवगत कराने के लिए जनप्रतिधियों की एक वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश कृषि विभाग को दिए हैं। बैठक में कृषि एवं जिला विपणन विभाग के द्वारा जिले में यूरिया, सुपर फास्फेट, डी.ए.पी., एन.पी.के. आदि की उपलब्धता के संबंध में प्रकाश डाला गया। बोनी के लिए आवश्यक बेसल उर्वरक डीएपी एवं एनपीके 17030 मे.टन उपलब्ध है, जो कि पर्याप्त मात्रा में है। वर्तमान में 19054 मे.टन यूरिया उपलब्ध है एवं लगातार जिले को रैक प्राप्त हो रही हैं।

### बांधों से पानी छोड़ने की चेतावनी प्रणाली हो पुख्ता

निर्धारित एजेण्डा के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा आपदा प्रबंधन के संबंध में नगरीय निकायों में मानसून के पूर्व जल निकासी की तैयारी एवं बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए जिले में तैयारी की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने सभी नगरीय निकायों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने, नालों की डिसिल्टिंग, जर्जर भवनों का चिन्हांकन, राहत शिविरों के लिए स्थान का चिन्हांकन करते हुए पूरी तैयारी सुशिक्षित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि बाढ़ अतिवृष्टि से निपटने के लिए सभी नगर पालिका कार्यालय भवन में भी कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई है। वर्षा ॠतु से पूर्व नगरीय क्षेत्र में स्थित सभी कच्चे-पक्के नालों-नालियों की सफाई कर्मचारियों की टीम बनाकर कराई जा रही है। बाढ़ संभावित स्थलों को चिन्हित कर संकेतक लगाये जा रहे हैं। जल भराव स्थलों को चिन्हित कर लिया गया है। निकाय क्षेत्रांतर्गत निचली बस्तियों में जल मग्न सड़कों एवं पुलियों पर दुर्घटना रोकने के लिये चेतावनी बोर्ड लगाये गये हैं। नगरीय निकायों में बाढ़ आपदा की स्थिति में राहत केन्द्रों का चिन्हांकन कर लिया गया है।

### खाद्यान्न का अग्रिम भंडारण करने के निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने बाढ़ आपदा से राहत की तैयारी के तहत आवश्यक वस्तुओं का अग्रिम भण्डारण सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। खाद्य आपूर्ति विभाग को जिले के 03 पहुंच विहीन केन्द्रों हर्राकछार, कारेआम रातेड़ और आलमोद में एवं 16 ग्रामों के खाद्यान्न के अग्रिम भंडारण की तैयारी के निर्देश दिए हैं। साथ ही दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सक दल, पशुओं के लिए आवश्यक दवाइयों, वैक्सीन, चारा आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। स्टोर में पर्याप्त मात्रा में कीटनाशक दवा, ब्लीचिंग पावउडर, चूना आदि रखने की भी निर्देश दिए हैं। बैठक में प्रभारी मंत्री श्री सिंह द्वारा जमुनिया माइक्रो इरिगेशन प्रोजेक्ट, पेंच माइक्रो सिंचाई कॉम्प्लेक्स 1 और 2 एवं छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्प्लेक्स के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पेंच माइक्रो सिंचाई प्रोजेक्ट 1 की समय सीमा मार्च 2025 समाप्त होने के बाद भी कार्य पूरा भी होने पर नाराजगी जाहिर की और ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए।

### चांद पुलिस ने जुआफड़ पर दी दबिश

# जुआ खेलते धराएं पूर्व नपा अध्यक्ष पति घर में सजी थी महफिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

सामाजिक बुराई वाले अपराधों पर अंकुश लगाने पुलिस कप्तान ने जिले भर के थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है। कप्तान के निर्देश के बाद चांद पुलिस ने गत दिवस रात जुआ फड़ पर कार्यवाही की जिसमे जुआ खेलते पकड़ाए पूर्व न.पा.अध्यक्ष के पति और समति प्रबंधक घर में जमीं थी जुए की महफिल, पुलिस पहुंची तो मची भगदड़ । चाँद पुलिस ने जयप्रकाश माहोरे के घर पर दबिश देकर 6 लोगों को हार जीत का दांव लगाते हुए पकड़ा है। बड़ी बात यह है कि इस जुआ फड़ में पूर्व नगर परिषद के अध्यक्ष के पति ॠषि वैष्णव तथा पंचगांव सोसायटी के प्रबंधक श्रीराम चौरसिया भी दांव लगाते हुए पकड़े गए। मामले में चांद थाना प्रभारी महेन्द्र भगत ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड नं. 10 में रहने वाले जयप्रकाश माहोरे के घर पर कुछ लोग हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देख जुआरियों में भगदड़ मच गई। मौके से पुलिस ने 6 लोगों को जिनमें ॠषि पिता सुदामादास वैष्णव, श्रीराम पिता भैयालाल चौरसिया, बबल पिता लालसिंह साहू, संजय पिता सबलसिंह रघुवंशी, नेपाल पिता सावनय धोखे, जयप्रकाश पिता चुन्नीलाल माहोरे सभी निवासी चांद को पकड़ा गया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 10 हजार 120 रूपए नकदी और 6 मोबाइल सहित कुल 1 लाख 50 हजार रूपए का मशरूका बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट सहित प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई।

# आमने सामने से टकराई कारें, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



न्यूटन पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत शनि मंदिर के समीप एस गुलाई क्षेत्र में दो कार आमने - सामने से टकरा गई । जिसमें सवार सभी लोग घायल हुए । इन घायलों को मौके पर मौजूद लोगों की मदद से परासिया के एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया ।जानकारी में आया है , कि इन घायलों में से कुछ लोगों को गंभीर अवस्था में छिंदवाड़ा रेफर किया गया है।

गौरतलब है , गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे कार क्रमांक एमपी 20 सी एफ 3034 तामिया से परासिया की ओर जा रही थी । उसी वक्त कार क्रमांक एमपी 20 जेड क्यू 7280 छिंदवाड़ा से तामिया की ओर जा रही थी ।जिनकी एस गुलाई झिरिया के समीप स्थित न्यूटन नपं अध्यक्षा के प्लाट के करीब आमने - सामने से भिड़ंत हो गई । जिससे तामिया की ओर से आ रही कार में सवार तीन लोग गंभीर घायल हुए । वहीं छिंदवाड़ा की ओर से आ रही कार में सवार तीन लोग भी घायल हुए । इनमें एक महिला के हाथ में गंभीर चोट आई है । इस कार का एयरबैग खुल जाने से कार में बैठे लोगों को काफी सुरक्षित रहे।

बहरहाल पुलिस ने दोनों कारों को घटनास्थल से हटाकर पुलिस चौकी में खड़ा करवा लिया है ।छिंदवाड़ा से की ओर से आ रही कार में एसबीआई लिखा है ।जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है , कि यह किसी बैंक कर्मचारियों की कार है । वहीं तामिया की ओर से आ रही कार तामिया के किसी सोनी परिवार की बताई जा रही है । इनमें एक घायल का नाम बल्लू सोनी बताया जा रहा है ।

#### एक्सीडेंटल जोन

न्यूटन में झिरिया से आगे न्यूटन नगर पंचायत अध्यक्षा अनुपमा हेमंत राय का प्लांट जहां पूर्व में पेट्रोल पंप प्रस्तावित था । इस स्थान से लेकर आगे गुलाई तक का क्षेत्र एक्सीडेंटल जॉन के नाम से प्रचलित है। यहां अक्सर वाहनों की दुर्घटनाएं होती हैं । बारिश हो जाने के बाद अक्सर दुपहिया वाहन फिसलते हैं और उसमें सवार लोग घायल होते हैं । वहीं इस खाली प्लाट पर अक्सर लोग अपने वाहन पार्क कर रात के समय शराब का सेवन भी करते नजर आते हैं ।

### कांग्रेस ने विमान हादसे के दिवंगत यात्रियों को दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ाः** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहन दुख व्यक्त किया। नेताद्वय ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना ईश्वर से की है।

कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि विमान हादसे का समाचार स्तब्ध व विचलित करने वाला है। हादसे में दिवंगत हुए यात्रियों को ईश्वर श्री चरणों में स्थान दें साथ ही घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो। शोकाकुल परिवार के सदस्यों को यह दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। नकुलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि एयर इंडिया का विमान हादसा हृदय विदारक है। घायल शीघ्र अति शीघ्र स्वस्थ हों, जिन परिवारों ने अपनों को खोया है।

# एक ने लगाई फांसी, एक का खंती में मिला शव

### गुरूवार को दो मौते, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ परासिया



परासिया पुलिस अनुभाग के अंतर्गत गुरुवार को अलग - अलग थाना क्षेत्रों में दो मोतें होने का मामला सामने आया है । जिसमें एक व्यक्ति ने खुद को फांसी लगाकर जान देदी । वहीं दूसरे व्यक्ति का शव कोयला खदान की खंती में भरे पानी में उतराता पाया गया । दोनों ही मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम का विवेचना शुरू कर दी है ।रावनवाड़ा - शिवपुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत रावनवाड़ा सिद्ध बाबा मंदिर से लगी बंद कोयला खदान की खंती में भरे पानी में एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पानी में उतरता हुआ मिला । जिसकी पहचान काली चौक वार्ड 6 रावनवाड़ा खास निवासी विजय उईके के नाम से की गई है । शव 2 से 3 दिन पुराना बताया जा रहा है । सूत्रों से पता चला है , कि मृतक शराब का आदी था और इसी खंती में अवैध कोयला उत्खनन करने वालों के लिए मजदूरी का कार्य करता था । वह पानी में कैसे डूबा इसका पता लगाया जा रहा है । आश्चर्य की बात है , कि मृतक के परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी । वहीं चांदामेटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 17 भंडारिया पुरानी बस्ती निवासी दो बच्चों के पिता 35 वर्षी पवन पिता श्याम राव पवार ने खुद को फांसी के फंदे पर लटका कर अपनी जान दे दी । मृतक ने किन कारणों से यह कदम उठाया अभी पता नहीं चल सका है , हालांकि मृतक के द्वारा पूर्व में भी जहर का सेवन कर जान देने का प्रयास किया गया था । पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया है ।

# किसानों की समस्याओं का हल नहीं तो होगा आंदोलन

### क्षेत्र के किसानों की समस्या पर प्रशासन नहीं दे रहा ध्यानः कोहले



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

किसानों की समस्याओ को लेकर गुरुवार को कांग्रेस नेता सोपान कोहले ने तहसील कार्यालय सौसर में सैकडो किसान के साथ नारेबाजी करते हुए तहसील कार्यालय में बैठकर विरोध प्रदर्शन किया,इस दौरान किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को एक ज्ञापन सौंपते हुए निराकरण करने की मांग की गई है।ज्ञापन में युवा नेता सोपान कोहले ने बतायासौसर विधानसभा में सेवा सहकारी समितियों द्वारा जिन किसानों का के,सी,सी खाता रनिंग है,उन्हीं किसानों को खाद दिया जा रहा है, समस्त किसानों को जिनके खाते ओवर डिव है,उनको भी और जिनके खाते नहीं हैउनको भी पर्याप्त रूप से नगद खाद मिलनी चाहिये,इस वर्ष रबी की फसल मूंग तथा मूंगफली का रकबा बढा है किसानों के हित मे तत्काल शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर सौसर कृषि उपज मंडी में शासकीय खरीदीं प्रारंभ की जाएं। इस दौरान सौसर एस डी एम द्वारा उक्त मांगों को लेकर मंडी इंस्पेक्टर तथा सेवा सहकारी समिति प्रबंधक से दुरभाष पर बात की तथा उक्त मांगो को सरकार को अवगत कराने का आश्वासन दिया गया।इस दौरान प्रेमराज गजभिए,विक्की कालबाडे, विजय घाटौड निवृत्ति कोहले, मेघराज उइके, युवराज पराड़कर,मानिक धुर्वे रामजी बनके महेश पगारे राजेन्द्र इगोले संजय धुर्वे आभिनय चौरे कोमल भालेराव रत्नाकर ठाकरे मयुर फोले सुरेश धुरबाडे रामदास इगोले योगेश बनाईत आदि मौजूद रहे।

### नाबालिग को ढूंढकर परिजनों को सौंपा

**छिन्दवाड़ा।** अनुविभागीय अधिकारी परासिया जितेन्द्र जाट के नेतृत्व मे थाना उमरेठ के अपराध क्र.177/25 धारा 137(2) BNSS की नाबालिग बालिका घटना दिनांक 25.02.25 को बिना बताये कही चली गई थी जिसकी रिपोर्ट 10 जून को परिजनों के द्वारा थाना मे लिखाने पर उक्त अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान बालिका को जिला टीकमगढ़ से दस्तयाब कर बालिका को उसके परिजन को सकुशल सुपुर्द किया गया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों से आ रही है अनियमिताओं की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पारडसिंगा

इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित हो रही है आंगनबाड़ी केंद्रों से लगातार शिकायतें आ रही है। इसमें खास तो पर मोहगांव क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र मालेगांव शामिल है।कहां जा रहा है कि महिला बाल विकास में पदस्थ सुपरवाइजर के द्वारा समय-समय पर आंगनबाड़ियों का निरीक्षण नहीं करने के चलते आंगनबाड़ियों के संचालन में निरंतर खामियां मिल रही है। हाल ही में प्रदेश सीमा से लगे हुए मालेगांव की आंगनबाड़ी का मामला सामने आया है। मालेगांव मैं संचालित हो रही आंगनबाड़ी नियमित नहीं खुलने के चलते ग्राम के बच्चों का भारी नुकसान हो रहा है।

पूर्व में आंगनबाड़ी के नियमित संचालन को लेकर ग्रामीणों के द्वारा महिला बाल विकास के अधिकारियों को शिकायतें भी की गई है बावजूद इसके सुपरवाइजर और महिला बाल विकास के अधिकारी के द्वारा किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।यहां की आंगनबाड़ी में अनियमितता से ग्राम के बच्चो को हो रहे नुकसान को लेकर ग्रामीण चिंतित है। शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने और दस दिन से आंगनबाड़ी बंद होने से ग्रामीण महिलाओ ने तहसील कार्यालय पहुंची और प्रशासन को शिकायत की है।

महिलाओं से मिली जानकारी के अनुसारमालेगाव की आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितताओं की जांच के लिए ग्रामीणों ने कई बार ग्राम पंचायत के माध्यम से विभागीय अधिकारियों को शिकायत भेजी गई है।आंगनबाड़ी के नियमित संचालन की मांग बीते माह ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित किया गया। शिकायत में ग्रामीणों ने लिखा है कि आगनबाड़ी संचालन की व्यवस्था में कोई सुधार नहीं आया। पोषण आहार हो या फिर आंगनबाड़ी में संचालित होने शासन की योजनाओं का लाभ बच्चों और ग्रामीण महिलाओं को नहीं मिल रहा है।

# पुलिस ने हत्या के आरोपी को भेजा जेल

**छिंदवाड़ा।** लावाघोघरी पुलिस ने चंद घंटों में हत्या का खुलासा करते हुए आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत दिवस धगडियामाल से ग्राम कोटवार कल्याण पिता दुकाली जावरे निवासी धगडियामाल ने थाने को सूचना दिया कि रिन्तुलाल मर्सकोले निवासी धगडियामाल ने उसकी पत्नि सुनिता पति रिन्तुलाल मर्सकोले उम्र 30 साल सा. धगडियामाल को दिनांक 9/06/25 की शाम में मारपीट कर हत्या कर दी है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा घटना स्थल पहुँचा जहां मृतिका सुनिता का भाई नितेश तुमडाम निवासी धगडियामाल के द्वारा मर्ग क्र. 20/25 धारा 194 **BNSS** की दर्ज कर जांच में लिया गया। जांच के दौरान घटना स्थल पर **FSL** प्रभारी के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। मृतिका सुनिता बाई के शव की शव पंचायतनामा कार्यवाही कर जिला चिकित्सालय छिन्दवाडा से पी एम कराया गया। पी एम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतिका सुनिता की मौत मारपीट से आई गंभीर चोटो से हत्या होना लेख किया है। पी एम रिपोर्ट एवं चश्मदीद साक्षियों के कथनों के आधार पर रितुलाल पिता जंगलसिंह मर्सकोले उम्र 32 साल सा. धगडियामाल के विरूद्ध अपराध क्र. 80/25 धारा 103 **BNS** का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) राजेश बंजारे छिन्दवाडा के नेतत्त्व में थाना प्रभारी सी एल उईके द्वारा मामले के आरोपी की गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई। मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर (आरोपी) रिंतुलाल पिता जंगलसिंह निवासी धगडियामाल को तत्काल दबिश / घेराबंदी कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया आरोपी से घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ की गई आरोपी ने अपनी पत्नि सुनिता बाई को शराब पीने से मना करने की बात को लेकर हत्या करने की नियत से डंडे से मारपीट की है, जिससे (मृतिका) सुनिता की मौत हो गई। आरोपी को विधिवत गुरूवार को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### गुणवत्तायुक्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की गई जांच

# सात मेडिकल स्टोर्स संचालकों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा




छिंदवाड़ा कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में जिले में गुणवत्तायुक्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स की औचक जाँच की गई।

औषधि निरीक्षक द्वारा की गई जाँच में मेसर्स लालानी फार्मा, वार्ड क्रमांक 30, चित्रकूट कॉम्प्लेक्स के पीछे, पटेल नगर में पशु औषधियां (वेट्रेनरी मेडिसीन), मानव उपचार में उपयोग आने वाली औषधियों के साथ संगृहीत पाई गई। साथ ही निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर्स में अवसान तिथि बीत चुकी औषधियां, विक्रय के लिये संगृहीत स्टॉक के साथ रखी पाई गई। क्रय-विक्रय रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित नहीं पाया गया तथा कोडीनयुक्त औषधियों का बहुत अधिक मात्रा में क्रय किया जाना एवं छिंदवाड़ा में विक्रय नहीं होना पाया गया है, जो की संशय की स्थिति उत्पन करता है। जिस संबंध में बिलो का सत्यापन एवं विवेचना प्रक्रियाधीन है। औषधि निरीक्षक छिंदवाड़ा के औचक निरीक्षण के दौरान अमित मेडिकल स्टोर्स चंदामेटा, अरिहंत मेडिकल अमरवाड़ा, भारत मेडिकल एजेंसी छिंदवाड़ा, ईश्वरम्मा मेडिकल एंड सर्जिकल छिंदवाड़ा, उज्वल मेडिकल स्टोर्स परासिया को जाँच में औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 की नियमावली 1945 के नियम 65 का उल्लंघन पाए जाने पर जांच प्रतिवेदन तैयार कर औषधि अनुज्ञापन अधिकारी छिंदवाडा को प्रेषित किया गया। औषधि अनुज्ञापन अधिकारी द्वारा इन दुकानों के प्रोपराइटर को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। समयावधि में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा संतोषप्रद न होने की स्थिति में नियमानुसार स्वीकृत लाइसेन्स निलंबन/निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी।

### जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**छिंदवाड़ा।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग ने बताया कि कलेक्टर महोदय द्वारा जिले में 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक सभी जाति की मछलियों का प्रजनन काल होने के कारण मत्स्याखेट पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया गया है। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर महोदय द्वारा जारी आदेश में अवगत कराया गया कि वर्षा ॠतु में मछलियों की वंश वृध्दि (प्रजनन) की दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिये जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनों में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3 (2) के अन्तर्गत 16 जून 2025 से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बन्द ॠतु (क्लोज सीजन) अधिघोषित किया गया है। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिध्द रहेगा। साथ ही मत्स्य विक्रय या विनिमय अथवा परिवहन करना भी प्रतिबंधित किया गया है। जारी आदेश व नियमों के उल्लंघन पर मध्यप्रदेश राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 3 (3) 1 के तहत उल्लंघनकर्ता को 6 माह की सजा या 5 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है। कलेक्टर महोदय ने बताया कि छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अन्तर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों, तालाबों एवं जलाशयों में बन्द ॠतु में मत्स्याखेट पूर्णतः बन्द रहेगा। बन्द ॠतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, क्रय-विक्रय आदि कार्य करते पाये जाने पर संबंधित के विरूध्द अधिनियम के प्रावधानों एवं राज्य शासन के निर्देशों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

## ईकेवायसी, स्वच्छता, सौंदर्यीकरण तथा वृक्षारोपण के लिए कैलेंडर जारी

# कलेक्टर ने जारी किया साप्ताहिक अभियान कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिले में शासन ने पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द दिलाने के उद्देश्य से छात्र छात्राओं की समग्र आईडी का आधार से सत्यापन, नगरपालिका क्षेत्रों में अमृत 2.0 के तहत जलप्रदाय, वाटर बॉडी रिजुविनेशन, ग्रीन स्पेस निर्माण कार्य तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) अंतर्गत स्वच्छता एवं अधोसंरचनाओं को सुचारू एवं सवंहनीय बनाए रखने की गतिविधियों को लेकर कलेक्टर अजय देव शर्मा ने आज एक समीक्षा बैठक संपन्न की।

### शेष है हजारों ईकेवायसी

ज्ञात हो कि विद्यार्थियों के एडमिशन से लेकर उच्च अध्ययन के लिए समग्र आईडी का आधार से सत्यापन अनिवार्य कर दिया गया है। इसके लिए जिले भर में ईकेवायसी अभियान जोरशोर से किया जा रहा है। इस अभियान की निगरानी स्वयं कलेक्टर महोदय रूची लेकर कर रहे है। ताजा स्थिति के अनुसार पांढुर्ना में 13260, सौंसर में 10713, पीपला ना. वार में 2375, लोधिखेडा में 2854 तथा मोहगांव में 2686 ई केवायसी होना बाकी है। बैठक में समीक्षा के दौरान पाया गया कि जादातर लोगों की समग्र आईडी नगरपालिका क्षेत्र की है लेकिन वर्तमान में वे अन्यत्र शहरों या राज्यों में निवासरत होने से ई केवायसी नहीं हो पा रही है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जो लोग स्थायी रूप से अन्य जिले या राज्यों में निवासरत है जांच उपरांत समग्र से उनका नाम विलोपित किया जाए।

### हर सप्ताह नए अभियान का लक्ष्य

आज की बैठक में जिलेभर में अमृत 2.0 अंतर्गत जलप्रदाय, वाटर रिजुविनेशन, ग्रीन स्पेस पार्क निर्माण की सतत निगरानी और सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाने निर्देश दिए। उक्त अभियान के साथ ही कलेक्टर महोदय ने 2 से 8 जून तक नाला-नाली सफाई, 9 से 15 जून तक जलीय संरचनाओं के आस पास की सफाई, 16 से 22 जून तक सीएंडडी अपशिष्ट संग्रहण, 23 से 29 जून तक शेड्यूल डिस्लजिंग, 30 जून से 6 जुलाई तक सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर, 7 से 13 जुलाई तक सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, 14 से 20 जुलाई तक प्रसंस्करण इकाईयों का रखरखाव संचालन एवं प्रबंधन, 21 से 27 जुलाई तक पौधरोपण, 28 जुलाई से 3 अगस्त तक पर्यटक स्थलों, स्मारकों तथा पार्कों की सफाई एवं सौंदर्यीकरण का अभियान चलाया जाएगा। अमृत हरित महाअभियान के तहत सभी निकायों को वृक्षारोपण के लिए उत्तम गुणवत्ता वाले पौधे लगाने

## अचानक तेज हवा के साथ हुई बारिश, मकान की उड़ी सीट



घोडावाड़ी। बुधवार शाम को अचानक तेज हवा के साथ बारिश होने के कारण कहीं झाड़ की डाल टूटकर गिरी तो कहीं मकान की सीट उड़ गई करमोहनीबंधी घोडावाड़ी से लगी ग्राम पंचायत पुरैना खालसा चौराहा निवासी निर्मला सिंगारे के मकान के छत की लगभग 15 सीट उड़ गई।।

## बस स्टैंड से किसानों के साथ पैदल चलकर घेरा तहसील कार्यालय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

बुधवार को बस स्टैंड बिछुआ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी बिछुआ के तत्वाधान में ग्राम गुमतरा, पाथरी सहित अन्य ग्रामों को वन विभाग के नोटिस के खिलाफ सहित अन्य मांगों को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया।

आम सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी सरकार है। किसानों को खाद लेने के लिए सुबह से शाम तक लाईन लगाना पड़ रहा है, तब जाकर दो बोरी खाद मिल रही है। वहीं आम लोगों को बिजली के बिल बढ़ोत्तरी होकर आ रहे हैं। जिससे किसान चिंतित है। वन विभाग ने ग्राम पाथरी, गुमतरा सहित अन्य ग्राम किसानों को जगह खाली कराने के लिए नोटिस दिये गए हैं। शासन आदिवासी समुदाय पर अत्याचार कर रही है।

कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है। हम आदिवासियों के साथ इस मुद्दे साथ है। वन विभाग के अधिकारियों को आदिवासियों के साथ अत्याचार नहीं होने देंगें। जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पटेल ने कहा कि किसानों के घर और जमीन खाली करने वाले नोटिस के खिलाफ भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया हैं। देश में किसान विरोधी सरकार चल रही है। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के साथ उनकी रोजी रोटी और आशियाना छीनने लगी है। तभी तो वन विभाग आदिवासियों को नोटिस जारी कर उनका घर और खेत खाली करवाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी आदिवासियों के साथ ऐसा अत्याचार होने नहीं देगीं। आम सभा के पश्चात कांग्रेस के कार्यकर्ता और किसान भाजपा सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुए तहसील आफिस पहुंच कर क्षेत्र की विभिन्न मांगों को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम एसडीएम, एसडीओ को ज्ञापन सौंपा। चौरई विधायक श्री चौधरी ने कहा कि विकासखण्ड बिछुआ के कई ग्रामों में आदिवासी समाज के लोगो का पचासों साल से रहे किसानों को मकान व खेत खाली करने का नोटिस दे रहे हैं। आदिवासियों के मकान व खेत खाली करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है उन्हें परेशान व प्रताडित किया जा रहा है। सरकार द्वारा तत्काल रोक लगाई जाएं, वन विभाग द्वारा हिटलरशाही की जा रही है। वहीं किसानों की मूंग फसल विक्रय का इस वर्ष अभी तक पंजीयन नहीं किया जा रहा है। मूंग विक्रय पंजीयन तत्काल चालू कराया जाये। किसानों को खाद बीज आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। किसान इस भीषण गर्मी में दिन भर परेशान हो रहा है। खाद बीज की कालाबाजारी व्यापारियों से साठ-गांठ कर की जा रही है। समितियों को किसानो को वितरण करने के लिये खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। नगद खाद की धडल्ले से बिक्री हो रही है। इस पर लगाम लगाई जाएं। किसानो को सिमितियो के माध्यम से खाद उपलब्ध कराने का तत्काल आदेश दिया जाये, बाघ द्वारा किसानों के पालतू पशुओं एवं किसानों का शिकार का मुआवजा तुरन्त प्राप्त नहीं हो रहा है।

तत्काल मुआवजा की व्यवस्था करायी जाये साथ ही बस स्टेंड से शिव मंदिर तक मुख्य सडक पर जगह जगह गड्ढे हो गये है आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जिनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। उक्त मांगें पर 7 दिवस के भीतर कार्यवाही की जाकर पूर्ण कराया जाये अन्यथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता उग्र आन्दोलन करेंगें जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगीं।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की दोनों पुत्रियों का पुलिस में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

परियोजना जुन्नारदेव के अंतर्गत ग्राम पंचायत जमकुंडा आंगनबाड़ी केंद्र जम कुंडा की कार्यकर्ता साप्ति आम्रवंशी की दोनों पुत्रियों का एक साथ पुलिस चयन भर्ती में कांस्टेबल पद पर नियुक्ति होने पर ईशा आम्रवंशी और शिवानी आम्रवंशी को महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय में बुलाकर परियोजना अधिकारी सुश्री सीमा पटेल और महिला सशक्तीकरण टीम द्वारा दोनों बच्चियों को सम्मानित किया गया एवं उनका उत्साह वर्धन किया गया। सीमा धुर्वे, बिंदु माहौरे ,दिव्या तैलंग, आरती आम्रवंशी, सुनीता चंचल,लक्ष्मी पनडोले मौजूद रही।

## भाजपा मंडल बिछुआ की बैठक आयोजित

**भाजपा कार्यकर्ता रहे मौजूद, मोदी सरकार की 11 साल की उपलिब्धयां बताई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ



संगठन के निर्देशानुसार गुरुवार को भाजपा मंडल बिछुआ की बैठक संपन्न हुई, विकसित भारत का अमृत काल, सेवा,सुशासन,गरीब कल्याण के 11 साल अंतर्गत आगामी कार्यक्रम को लेकर बैठक संपन्न हुई,बैठक का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया,बैठक की प्रस्तावना मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े ने रखी,एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे ने मोदी सरकार के11 सालों की उपलब्धियों का वर्णन किया, इसके उपरांत जिला भाजपा उपाध्यक्ष बंटी पटेल ने संगठन द्वारा आयोजित आगामी कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की एवं कार्यकताओं को संबोधित किया,मंच संचालन भाजपा महामंत्री विजेंद्र सिंह दीक्षित द्वारा किया गया।इस दौरान मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बंटी पटेल,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,पूर्व मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,महामंत्री द्वय विजेंद्रसिंह दीक्षित,श्रीमती कीर्ति करमेले,वरिष्ठ नेता मारुति कोचे,भजनलाल गाकरे,वरिष्ठ नेत्री दीपिका चोपड़े,पार्षद श्रीमती झीटोबाई धुर्वे,लक्ष्मी मिनोते,बबलू आरगुड़े,दीपक चोपड़े,जूनिता कथूरिया,दीमागचंद मालवीय,बलदेव बोबडे,मुकुल ठाकुर,अरुण शाहू,अयोध्या सोनी,सरपंच आनेत बन,ज्ञानलाल उईके,राजेंद्र परतेती,राजेश रघुवंशी,भारत धावड़े,शुभम साहू,देवचन्द पराड़कर,मिथुन कटारे,गोपाल ढूंडे,संदीप भट्ट,घनश्याम पवार,हिम्मत राम सोनी,श्रवण कामडे,आलोक ठाकुर,मुकेश वर्मा,सरोज जंघेला,राजेंद्र मिनोटे,असलम खान,रवींद्र संगोड़े,सुनील बोबडे,भोजेलाल वर्मा,विजय गाकरे,असलम खान,सीताराम मर्सकोले,प्रमोद श्रीवास,देवेंद्र राउत,नीलेश चोपड़े,साहेबराव गाकरे,सचिन कड़वे,इंदर ठाकुर,भोजराज सराठे,सोहन वर्मा,रामदयाल मिनोते,नितिन गढवे,रंजीत जंबोलकर,मनोज ककोड़िया,रामनाथ श्रीवास,जितेंद्र सोनी,संदीप वरठी समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डॉ. सौम्या विनायन ने किसानों को दी जानकारी

वारासिवनी।




जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कासपुर में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन जनपद सदस्य कृष्णलाल हनवत के मुख्य आतिथ्य एवम् नोडल अधिकारी आर के शेंडे प्राचार्य, वैज्ञानिक डॉ उत्तम बिसेन, हैदराबाद से आई हुई डॉ सौम्या विनायन, डॉयोगेंद्र घोडेस्वर, श्री मेश्राम, उद्यान विभाग से श्री सोनेश्वर के साथही मंच संचालक दिलेश खंडेलकर की उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर समस्तकृषि विस्तार अधिकारियों ने अपनी उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनानेमें महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभाग से आयेअधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की योजनाओं के बारे में बारी-बारी से कृषकबन्धुओं को जानकारी प्रदान की।

**इस अवसर पर ग्राम कासपुर के प्रगतिशील कृषक गणेश हनवत के खेत में** पाठशाला के रूप में फलोद्यान, सब्जी, भाजी, खेतों में लगे हुए आम एवम चिन्नौर धान की फसल को बढ़ावा देने हेतु प्रोत्साहित किया गया। डॉ सौम्या वीनायन ने कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि चिन्नौरधान के रकबे को बढ़ाने हेतु कृषकों को लगातार 5 साल तक करने हेतुप्रोत्साहित किया गया। कृषि विभाग, पशु चिकित्सा विभाग, मतस्य पालन विभाग, उद्यान विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग की जानकारी से किसानों को अवगत कराया। अंत में जनपद सदस्य कृष्णा हनवत द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान पर प्रकाश डालते हुए समस्त कृषकों से अनुरोध किया गया कि खेती को लाभ काधंधा बनाने के लिए उच्च तकनीकी से खेती, जैविक खाद का प्रयोग करने, प्राकृतिक खेती अपनाने हेतु जानकारी दी गई। उन्होंने सभी अधिकारियों,किसान बंधुओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रदर्शन कर कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनायें प्रेषित की गई।

## कार्यक्रम में उपस्थित विधायक विवेक पटेल व अन्य अतिथिगण।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ समापन

### किसानों की चिंता करने वाले सरकार के राज में प्रदेश में बिक रहा नकली बीज- खाद- विवेक पटेल



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी अंतर्गत ग्राम नवेगांव ख में विकसित कृषि संकल्प अभियान का गुरुवार 12 जून को समापन किया गया। इस समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विवेक विक्की पटेल कार्यक्रम में उपस्थितरहे। उनके कार्यक्रम में पहुँचने पर कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शासन द्वारा कृषि से संबंधित नई तकनीकोंको किसानों तक पहुंचाना था। वहीं किसानों को कृषि के क्षेत्र में आगे लाना और कृषि पर जोर देने की बात अधिकारियों द्वारा कहीं गई। 5 बार अवार्ड लेने वाली सरकार कर्ज में इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पांच-पांच बार कृषि अवार्ड लेने वाला हमारा प्रदेश आज कर्ज में हैं। किसानों की आय को दोगुनी करने की बाते करने वाली सरकार ने हमारे प्रदेश को कर्ज में डुबो दिया हैं। इस समय किसानों को खेती के लिए बीज नहीं मिल रहा हैं। भाजपा के शासन काल में नकली बीज व खाद जगह-जगह बिक रहा हैं। जिससे किसानों की फसल समय पर नहीं हो रही हैं, समय पर खाद नहीं मिलने के कारण किसान दुकानों से दोगुने मूल्य पर खाद खरीदता हैं। मगर सरकार को किसानों की चिंता नहीं हैं। यह रहे उपस्थित इस दौरान वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती विनीता रंगारे,कृषि विस्तार अधिकारी आर पी मर्सकोले, सहायक प्राध्यापक डॉक्टर धनंजयकठल, कृषि यांत्रिकी अधिकारी राजेंद्र कुलस्ते, जिला पंचायत सदस्य मधुशुक्ला, सरपंच सागरता कटरे, संघर्ष लांजेवार, राजा अली, राजकुमार चौधरी,नरेंद्र राहंगडाले, मनकलाल कटरे सहित ग्रामवासी मौजूद रहें।

## फार्चूनर वाहन चालक ने मारी बाईक सवार को टक्कर दो घायल, एक गंभीर युवक बालाघाट भेजा गया

वारासिवनी।





वारासिवनी-बालाघाट मुख्य मार्ग पर ग्राम वारा में स्थितशासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय के सामने बुधवार की दोपहर लगभग सवाबारह बजे एक तेज रफ्तार फार्चूनर वाहन के चालक ने दो पहिया वाहन सवार कोज बरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाईक में सवार एक युवक गंभीर रुप से घायल होगया और दूसरे व्यक्ति को मामूली चोटे आई हैं। गंभीर रुप से घायल युवक कोप्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए बालाघाट भेज दिया गया हैं।टिहलीबाई स्कूल के सामने तेज रफ्तार वाहन चालक ने मारी टक्करजानकारी अनुसार बुधवार की दोपहर में एक काले रंग की फार्चूनर गाड़ीवारासिवनी की ओर से तेज रफ्तार से बालाघाट की ओर जा रही थी। यह गाड़ी जबशासकीयटिहलीबाई उत्कृष्ट विद्यालय के पास पहूँची, उसी दौरान ग्रामबनियाटोला से वारासिवनी की ओर आ रही बाईक को चार पहिया वाहन चालक नेजबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे बाईक चला रहा छोटाटोला बनियाटोला निवासीमहिपाल उइके बाईक से उछल कर चार पहिया वाहन के बोनट पर आकर गिरा और फिरवहाँ से नीचे सडक़ पर गिर गया। जिससे उसके पैर, हाथ व सिर में गंभीर चोटलगी और वह बेहोश हो गया। वहीं बाईक में पीछे बैठे हुएसोविंदा पिता कोठूपंचेश्वर उम्र 60 वर्ष निवासी बनियाटोला भी बाईक से नीचे गिर कर घायल होगए। जिसे पैर, माथे पर मामूली चोट आई हैं।नागरिकों ने घायलों को पहुँचाया चिकित्सालयदुर्घटना के बाद आसपास के स्थानीय नागरिकों ने तत्काल दोनों घायलों को शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया। जहाँचिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया और अत्यधिक रुप से घायल होने केकारण महिपाल उइके को उचित उपचार के लिए बालाघाट भेजदियाहै।फार्चूनर चालक वाहन लेकर बालाघाट की ओर हुआ फरार बताया जाता हैं कि इस दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक ने कुछ देर केलिए अपना वाहन रोका, लेकिन फिर वहाँ से गाड़ी लेकर बालाघाट की ओर चला गया।इसदुर्घटनामेंजहाँ बाईक क्षतिग्रस्त हुई, वहीं चार पहिया वाहन के सामनेका हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हुआ हैं। चर्चा हैं कि चार पहिया वाहनवारासिवनी निवासी एक कालोनाईजर का हैं, जिसे वह स्वयं चला रहा था।पुलिस ने दुर्घटना केसाक्ष्य किए एकत्रितइस दुर्घटना की जानकारी मिलने पर वारासिवनी पुलिस थाने से पुलिसअधिकारी घटना स्थल पर पहुँचे और उन्होंने गाड़ी व बाईक के टूटे हुएपाट्र्स एकत्रित किए और आसपास के नागरिकों से दुर्घटना के संबंध मेंजानकारी ली। पुलिस द्वारा मामले की जॉच की जा रही हैं।

## उपेक्षित हैं कुम्हार प्रजापति समाज, संगठन को करना होगा मजबूत

**ग्राम कुल्पा में आयोजित बैठक में किया गया विचार विमर्श**

**लांजी।** क्षेत्र के ग्राम कुल्पा में 11 जून को कुम्हार समाज संगठन की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक के पूर्व संत गोरोबा कुम्हार की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया गया। तत्पश्चात बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित अतिथियों का सामाजिक बंधुओं के द्वारा पुष्प गुच्छ से स्वागत सत्कार किया गया। वहीं कुम्हार समाज की बैठक में प्रतिष्ठित लोगों में पवन सितमलाल कश्यप लांजी, महादेव रनघाटी पाथरगांव, रवि सरिया पाथरगांव, कैलाश प्रजापति, खेमचंद रणघाटी, घनश्याम ग्रसिया, दीपक ग्रसिया पाथरगांव, श्यामलाल तेलासु कुल्पा, अशोक जी उपाध्यक्ष कुल्पा, संतराम तेलासु सचिव, परशुराम तेलासु सहसचिव, रमेश तेलासु, अशोक तेलासु, सुखीराम तेलासु व अन्य कुम्हार समाज संगठन के युवा एवं बुजुर्ग माताएं बहने उपस्थित रही। बैठक में समाज संगठन को विस्तार देने को लेकर चर्चा की गई जिसमें शासन से मिलने वाली योजनाओं के बारे में अधिकारियों तक अपनी बातों को कैसे पहुंचाना है पर विचार विमर्श किया गया। तथा लांजी क्षेत्र में कुम्हार समाज भवन निर्माण के लिये क्षेत्रिय विधायक राजकुमार कराहे को ज्ञापन सौंपने पर भी चर्चा की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि संगठन की मजबूती आवश्यक होती है। ताकि एक सूत्र में बंधकर संगठन पर हो रहे कुठाराघात को लेकर आवाज उठाई जा सके। सशक्त संगठन एवं उससे जुड़े लोगों की पहचान होती है। ऐसी अवस्था में कुम्हार प्रजापति वर्तमान समय में हाशिए पर है। मौके पर इसकी मजबूती के लिए आर्थिक कोष की भी बातें कही गई। साथ ही सदस्यता अभियान चलाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### राशन दुकानों में घटिया चावल सप्लाई पर 11 मिलर्स पर FIR

हरिभूमि न्यूज सिवनी। घटिया चावल को सरकारी राशन दुकानों से वितरण के लिए सप्लाई करने वाले 11 राइस मिलर्स सहित गुणवत्ता को अच्छी बताने वाले दो गुणवत्ता निरीक्षको पर एफआईआर दर्ज की गई है। ईओडब्ल्यू महानिदेशक उपेंद्र जैन के अनुसार सिविल सप्लाई कार्पोरेशन के गुणवत्ता निरीक्षक जगदीश गिरी, और विनय पांडे के साथ ही सिवनी जिले के अकबर राइस मिल सिवनी, आर्यन राइस मिल, लक्ष्मी राइस इंडस्ट्रीज, मां दुर्गा शक्ति राइस मिल, लक्ष्मी राइस इंडस्ट्रीज, श्री राइस मिल, शुभम राइस एंड परवोयलिंग उद्योग, स्वास्तिक राइस मिल, त्रियंबक राइस मिल, ब्योम राइस मिल और यश उद्योग के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओ में एफआईआर दर्ज की गई है।

# बरघाट क्षेत्र में हो रहा अवैध रेत का उत्खनन, जिम्मेदार मौन

**बरघाट विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले काफी ग्रामो में ऐसी रेत माफिया चल रही है जिस पर अधिकारी की आंखों में नहीं देख पा रहा है और बताएं कि बरघाट विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत का की पंचायती आती है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



जिसमें पर रोक लगाने के लिए शुरू शुरू में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सरपंच गण,,, प्रयास करने के बाद भी नई रूक पाया अवैध उत्तखन,, बरघाट क्षेत्र की जीवन दायनी कहे जाने वाली हिंरी नदी, अमीनगंज,बिजाघाट, बोरी कला, ऐसे इत्यादि गांव में का अस्तित्व खतरे में ग्रामीण अंचलों में गर्मी के दिनों में हो रहा है जलसकट भी नदी गहरी होने से नीचे जा रहा जल संकट जल हिंरी नदी के आसपास ग्रीष्मकालीन धान, सबजी अनय फसले जल नहीं मिलने के कारण हुई चौपट प्रतिनिधि भी नहीं लगा लगा पाए रहे रोक बरघाट तहसील के अंदर एक गांव अमिनगंज,हरी नदी जेवनारा, से प्रतिदिन से कहा जाता रही है की रेत का खनन चल रहा है पूर्व सरपंच अब्दुल वारिस खान ने बताया अमीरगंज में तो ग्रामीण रोग लगते हैं करके रात के रात आंखों से काजल चुरा रहे हैं और हरी नदी में दिनदहाड़े रेत खनन चल रहा है लेकिन अधिकारी के कान पर जूं तक नहीं गूंज रहा है खनिज विभाग की माइनिंग श्रिवती परतें जनता और जनपद अध्यक्ष आभा जितेंद्र राहगडाले, और पंचायती मेंबरों से ऐसा वादा करके जाती हैं जैसा बस थोड़े देर में कार्रवाई हो जाएगी लेकिन ऑफिस पहुंचने के बाद कार्रवाई अपनी जगह में रहती है सिर्फ बातो ही बातों में कार्रवाई कर देती हैं जेवनारा हीरी नदी के ग्रामीणों का कहना है कि 4, हजार 3500 में इन्हें गांव के गांव में रेत इतनी महंगी खरीदना पड़ रहा है ग्रामीणों का कहना है गांव के गांव में कम रेट में रेत देना चाहिए और पुर्व सरपंच अब्दुल वारिस खान ने बताया की अमिनगंज की बात करें तो प्रधानमंत्री आवास योजना में काफी नाम है जिन्हें रेत की बहुत आवश्यकता है यह रेत के लिए ग्रामीण जाएं तो जाएं कहां क्योंकि इनकी रेत तो रातों में ट्रैक्टर से निकाल लिया जा रहा है फिर भी अधिकारी कुछ नहीं कर पा रहे हैं ग्रामीणों का कहना है की रेत खनन पर रोक लगाया जाए रेत खनन पर अगर रोक नहीं लगता तो उच्च अधिकारी तक जाएंगे और तब भी नहीं हुआ तो अनशन करेंगे लेकिन गांव की रेत खनन नहीं होने देंगे।




# दिव्यांग होने का सबूत देते नजर आया युवक, मानवता एक बार फिर शर्मसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी जिले में मानवता को शर्मसार करने वाला एक ऐसा मामला सामने आया जहां आपकी आंखें नम हो जाएगी। सिवनी मुख्यालय से 100 किलोमीटर दूर लखनादौन विधानसभा के घंसौर जनपद पंचायत में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया दरअसल एडिट योजना अंतर्गत दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया इस आयोजन में विकासखंड के सभी दिव्यांगों को शासन की योजनाओं का लाभदेने के लिए बुलाया गया पर इस दौरान कई ऐसे हितग्राही थे जिन्हें लाभ नहीं मिला ग्राम पंचायत सूचानमेटा के 26 वर्षीय प्रीतम जो पूर्ण रूप से विकलांग है वह भी पहुंचा जब उसे शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिला तो मजबूरन वह युवक जनपद पंचायत के गेट की सीढ़िया पर लेट गया और गुहार लगाने लगा। तप्ती भीषण धूप में रेंगते रहा मासूम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालकअधिकारी और कर्मचारी का दिल तब भी नहीं पिघला जब विकलांग युवक कड़कड़ाती धूप में सीड़ीयो पर लेटा रहा, जैसे ही इसकी सूचना जनपद पंचायत अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों को लगी तो उन्होंने युवक को सम्मान के साथ आश्वासन देते उठाया और कहा कि शासन की सारी योजनाओं का लाभ जल्द तुम्हें दिलाया जाएगा लेकिन सवाल यह खड़ा होता है। ऐसे में जनपद स्तर पर हुई लापरवाही और एक विकलांग जो सीडीयो पर लेट कर अपने विकलांग होने का सबूत देता नजर आया ऐसे में इन बेरहम, लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों पर किस तरह की कार्यवाही होगी यह देखने वाली बात होगी।

# अवैध नलकूप उत्खन्न के विरूद्ध डुण्डासिवनी पुलिस की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा आगामी ग्रीष्म ऋतु में जल आपूर्ति हेतु सम्पूर्ण सिवनी जिले को दिनाँक 15.03.2025 से दिनाँक 31.07.2025 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुये सिंचाई एवं निजी उपयोग के लिये नलकूप, उत्खन्न कराये जाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। दिनाँक 10.06.2025 को ग्राम पलारी में अनिल साहू के प्लाट पर बिना कलेक्टर की अनुमति के बोरवेल मशीन के माध्यम से नलकूप खनन (बोरिंग) का काम कराया जाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना स्टाप को मौके पर भेजकर तस्दीक करने पर सूचना सही पाई गई। मौके पर बोरिंग मशीन क्र. TN 77 B 8199 एवं सपोर्ट गाड़ी KA 51 B 1477 के चालक हरीशचन्द्र हरिनखेड़े व्दारा नलकूप उत्खन्न का कार्य करते पाये जाने पर बोरिंग मशीन के चालक से पूछताछ करने पर वाहन स्वामी कुलदीप अग्रवाल निवासी छिन्दवाड़ा रोड सिवनी के कहने पर उक्त दोनों मशीनों को मौके पर लाकर नलकूप उत्खन्न का कार्य करना बताया गया। बोरिंग मशीन चालक से नलकूप उत्खन्न करने की अनुमति मांगने पर अनुमति नही होना बताया जाने पर बोरिंग मशीन चालक हरीशचन्द्र हरिनखेड़े एवं वाहन स्वामी कुलदीप अग्रवाल द्वारा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी के आदेश क्रमांक 34/पेयजल / लो.स्वा.वि./2025 दिनाँक 11.03.2025 का उल्घन्न करते पाये जाने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 बी.एन.एस. के अंतर्गत आरोपीगणों के विरूध्द अपराध कायम कर बोरिंग मशीन क्र. TN 77 B 8199 एवं सपोर्ट गाड़ी KA 51 B 1477 जप्त किया गया है जाकर प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

जप्तीः- बोरिंग मशीन क्र. TN 77 B 8199 एवं सपोर्ट गाड़ी KA 51 B 1477

नाम आरोपीः- (1)- हरीशचन्द हरिनखेड़े पिता रूपचंद हरिनखेड़े उम्र 23 साल निवासी सुकतरा थाना कुरई जिला सिवनी (वाहन चालक) (2)- कुलदीप अग्रवाल पिता गिरधारी लाल अग्रवाल उम्र 50 साल निवासी छिन्दवाड़ा रोड भागवत नगर सिवनी थाना कोतवाली जिला सिवनी।

# 37 साल बाद भी किसानों को नहीं मिला एक बूंद पानी

## पक्की नहर बनी ही नहीं, किसानों को नहर क्षतिग्रस्त करने के थमाये नोटिस

**एमपी अजब है सबसे गजब है लेकिन अब ये स्लोगन भ्रष्टाचार के लिए सही साबित हो रहा हैं। जी हां जल संसाधन विभाग के भारी भ्रष्टाचार का कारनामा इन दिनों सुर्खियां बटोर रहा हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।





दरअसल सिवनी जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत गणेशगंज सहजपुरी में बनाए गए डूंगरिया जलाशय के पक्की नहर निर्माण और उसे क्षतिग्रस्त करने के मामले में किसानों को नोटिस जारी किए गए जबकि 1987-1988 से अब तक डूंगरिया जलाशय से पक्की नहर का निर्माण कार्य 1 इंच भी नहीं हुआ हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार सन- 1987-1988 में सिवनी जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत गणेशगंज सहजपुरी में करोड़ों रुपए की लागत से डूंगरिया जलाशय का निर्माण जल संसाधन विभाग के द्वारा किया गया था। तब से लेकर अब तक 37 सालों में किसानों को एक बूंद पानी नहर के माध्यम से नसीब नहीं हो पाया हैं।

### एसडीओ और सब इंजीनियर की मिली भगत से चल रहा खेल

डूंगरिया जलाशय की नहर मेंटेनेंस के नाम पर हर साल लाखों रुपए का गोलमाल जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत से चल रहा हैं। इस बात का खुलासा हमारी मीडिया टीम के द्वारा डूंगरिया जलाशय से निकलने वाली नहर के मौका-मुआयना और जमीनी हकीकत देखने में सामने आई हैं। बता दे कि डूंगरिया जलाशय से आज तक किसानों के खेतों में पहुंचने वाली नहर का पक्का निर्माण हुआ ही नहीं हैं। इसके विपरीत कुछ दिनों पूर्व जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने कई किसानों को पक्की नहर क्षतिग्रस्त करने और उसे मरम्मत करने के लिए नोटिस थमा दिए हैं। अब सवाल यह है कि जब नहर पक्की थी तो जमीनी हकीकत में 1 इंच दिखाई क्यों नहीं दे रही हैं और 37 सालों बाद भी किसानों के खेतों में उक्त नहर से एक बूंद पानी क्यों नहीं पहुंच पाया हैं? इस पूरे अनोखे भ्रष्टाचार के मामले में जल संसाधन विभाग में पदस्थ एसडीओ ऋषभ साहू और सब इंजीनियर शंकरलाल त्रिपाठी की मिली भगत सामने आ रही हैं। क्योंकि भ्रष्टाचार के इस अनोखे मामले में एसडीओ और सब इंजीनियर किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बचते नजर आ रहे हैं। वही नहर से संबंधित भ्रष्टाचार का ठीकरा सिवनी कार्यालय में पदस्थ कार्यपालन यंत्री वीपी चौधरी के सिर पर फोड़ रहे हैं।

## एनसीसी सीनियर डिवीजन और जिला आयुष्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क आयुर्वेद रोग निदान शिविर का आयोजन

12 जून 2025 को जिले के ग्राम नन्हीकनहार में ग्राम वासियों के लिए निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पीजी कॉलेज सिवनी सीनियर डिवीजन एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि 24 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन छिंदवाड़ा के कमान अधिकारी कर्नल थॉमस ओमन के निर्देशानुसार प्रत्येक एनसीसी इकाई को अपने गोद लिए हुए ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना था। इसी कड़ी में आज पीजी कॉलेज सिवनी सीनियर डिवीजन एनसीसी इकाई ने जिला आयुष विभाग के साथ मिलकर निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया।

लेफ्टिनेंट वासनिक ने बताया कि जिला आयुष अधिकारी डॉक्टर यशवंत माथुर जी से मिलकर स्वास्थ्य शिविर लगाने के संबंध में अवगत कराया गया तो डॉक्टर माथुर साहब ने इसकी सहर्ष स्वीकृति प्रदान की और अपने डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट की एक बड़ी टीम को नान्हिकन्हार में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के लिए निर्देशित किया। हेल्थ एन्ड वेलनेस सेंटर चक्की खमरिया की आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सरला वासनिक,डॉक्टर पूजा बिसेन, CHO डॉक्टर श्वेता, फरमासिस्ट श्री दिलीप गजभिये, श्रीमती प्रार्थना तिवारी, श्री मरावी जी, रमा डेहरिया, प्रीति आगासे, व श्री बल्ला नायक ने शिविर में बड़ी सक्रियता से भाग लिया। शिविर में आए हुए ग्राम वासियों का टीम ने परीक्षण किया।उनके रोगों को जाना एवं उन्हें दवाइयां का वितरण किया गया। शिविर में ग्रामवासियो के बीपी, सुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जाँच की गई। शिविर में आये हुए बच्चों का वजन व ऊंचाई मापा गया व अच्छे आहार विहार के बारे में जानकारी दी गई। इस पूरे आयोजन में एनसीसी सीनियर डिवीजन इकाई के कैडेट्स बड़े सक्रिय नजर आए उन्होंने इस शिविर के प्रचार प्रसार के लिए एक दिन पूर्व ग्राम में जाकर ग्राम वासियों को इसकी सूचना दी कि आपके ग्राम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है आप सभी इसका लाभ अवश्य लेवे। शिविर के दिन भी सुबह कैडेट ने जल्दी पहुंच कर ग्राम वासियों को अवगत कराया की स्वास्थ्य शिविर में अवश्य पहुंचे।अपने मित्रों को अपने पड़ोसियों को अवगत कराये व अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के बारे में बताएं व उसका निराकरण पाए। इसका परिणाम यह हुआ कि ग्राम वासियों ने इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया। इस शिविर में हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर चक्की खमरिया की आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सरलावासनिक ने उनके केंद्र के योग शिक्षक श्री सुकराम यादव जी के माध्यम से योग का प्रदर्शन भी करवाया, जिसमें ग्राम के बच्चों व बड़ो सभी ने बड़ी ही रुचि पूर्वक हिस्सा लिया। श्री यादव जी ने विभिन्न रोग और उनके प्राणायाम व योगासनों के माध्यम से इलाज के संबंध में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में पीजी कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने जिला आयुष अधिकारी श्री यशवंत माथुर जी और इस शिविर में आए हुए समस्त मेडिकल स्टाफ के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

# 278 दिव्यांग जनों को एडिप योजनांतर्गत वितरित किए गए सहायक यंत्र प्रतिनिधियों ने उपकरण वितरण शिविर में हुए शामिल

**लखनादौन-** भारत सरकार की एडिप योजना के अंतर्गत जिला कलेक्टर संस्कृति जैन एवं एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग के निर्देशन में 12 जून, 2025 को स्थानीय निकायों में आयोजित चिन्हांकन शिविर में चिन्हित दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण एवं कृत्रिम अंग वितरण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत लखनादौन प्रांगण में किया गया ।



कार्यक्रम में जिला पंचायत सिवनी अध्यक्ष मालती डेहरिया, जनपद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना गोल्हानी, जनपद उपाध्यक्ष दीपक निगम, अनिल गोल्हानी, आशीष गोल्हानी, जनपद सदस्य रेवाराम उईके, शनिलाल, दम्मू कुमरे एवं अन्य अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पण, दीप प्रज्जलन कर शिविर का शुभांरभ किया गया। पूजन के उपरांत विभागीय अधिकारियों एपीओ महेन्द्र लाडिया, दुर्गा राय, गौरीशंकर बर्मन, आशीष श्रीवास्तव, नीरज ठाकुर आदि द्वारा सभी अतिथियों का अतिथि सत्कार किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी सीईआ एसडीएम लखनादौन रवि सिहाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। जनपद पंचायत दीपक निगम ने कार्यक्रम को संबोधित कर योजना से लाभांवित होकर सहायक उपकरण प्राप्त कर रहे सभी व्यक्तियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सहायक उपकरणों के सहारे दिव्यांगजनों की दैनिक दिनचर्या सुगम हो सकेगी। अन्य व्यक्ति पर आश्रित होने के भाव को कम किया जा सकेगा । वरिष्ठ भाजपा नेता आशीष गोल्हानी ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद-दिव्यांग की मदद के लिए कार्य कर रही है। जरूरतमंदों की मदद के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांग व्यक्ति को हर जरूरी सुविधा दी जाए, ताकि उनका जीवन यापन सही ढंग से हो सके। इसी के तहत सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक भवनों में दिव्यांगों को जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण एलिम्कों जबलपुर के सहयोग से लखनादौन व छपारा जनपद पंचायतों के 278 चिन्हित किए दिव्यांगजनों को जनप्रनिधियों द्वारा सहायक उपकरण और कृत्रिम अंग निःशुल्क वितरित किया गया । कार्यक्रम का सफल संचालन

### 26 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन

**सिवनी।** थाना केवलारी क्षेत्र के अलोनी खापा रैयत गाँव में 26 वर्षीय युवक ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. ने युवक को अस्पताल पहुँचाया* सिवनी के थाना केवलारी क्षेत्र के अलोनी खापा रैयत गाँव में कॉलर के भाई ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 11-06-2025 को प्राप्त हुई । सूचना प्राप्ति पर तत्काल केवलारी थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ सैनिक बलराम उडाली पायलेट शंकर देशमुख ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 26 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित युवक को एफ.आर.व्ही. से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केवलारी पहुँचाया। डायल-112/100 जवानों की तत्परता से युवक को समय पर उपचार मिला।

# मूंग व उडद की एम एस पी पर खरीदी प्रारंभ करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ग्रीष्मकालीन मूंग वा उडद की एम एस पी पर खरीदी चालू करने के लिए कृषि कृषक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया ने किसानों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुँच कर मुख्यमंत्री ने नाम एसडीएम सुश्री मेघा शर्मा जी को ज्ञापन सौंपा। श्री सनोडिया ने अपने पत्र में लेख किया है कि सिवनी जिला सहित पूरे मध्यप्रदेश में हमेशा से ग्रीष्मकालीन उड़द एवं मूंग की फसल की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जाती रही है। जिसके फलस्वरूप दलहन उत्पादन में



हमारा देश आत्मनिर्भर बनने की राह पर है। इस वर्ष भी उड़द. मूंग का अच्छा उत्पादन हुआ है, परंतु समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतू आवश्यक पंजीयन कार्य भी प्रारंभ नहीं किया गया है। यदि समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं हुई तो किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पडेगा। खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ ना होने एवं सरकार की ओर से भी कोई आश्वासन नहीं मिलने से किसानों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है। शीघ्र ही खरीदी कार्य प्रारंभ ना हुआ तो किसानों की ओर से धरना प्रदर्शन एवं आदोंलन किया जाऐगा, जिसकी जिम्मेदारी शासन की होगी। घनश्याम सनोडिया ने आगे कहा है कि सरकार एम एस पी नहीं दे रही है जो किसानों के साथ वादा खिलाफी है। सरकार तुरंत खरीदी प्रक्रिया चालू करे अन्यथा जिला कृषि कृषक कांग्रेस, किसानों के हित में बडा.आंदोलन करेगी। ज्ञापन सौंपते समय जितेन्द्र सनोडिया, दिनेश सनोडिया, दीवान आजम अली, हरिराम सनोडिया, रिंकु सनोडिया, सोहन यादव, हरिकांत सनोडिया, गुड्डु पटेल सहित अनेक किसान बन्धुऔं की उपस्थिति रही।

### नगर पालिका का विशेष सम्मिलन हुआ सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर पालिका परिषद सिवनी का विशेष सम्मिलन दिनांक 11/06/2025 दिन-बुधवार को समय 03:00 बजे से नगर पालिका कार्यालय भवन में नगर पालिका अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद सनोडिया जी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें कुल 10 प्रस्तावों पर विस्तार पूर्वक चर्चा सम्पन्न हुई जिसमें ब्लीचिंग एलम की सामग्री प्रदाय न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्टेड करने पर चर्चा हुई, जलप्रदाय योजना में उपयोग होने वाली सामग्री क्रय करने पर चर्चा की गई, स्वास्थ्य शाखा में स्वच्छता से संबंधित उपयोग होने वाली सामग्री क्रय करने से संबंधी चर्चा की गई, विद्युत शाखा में उपयोग होने वाली सामग्री क्रय करने से संबंधित चर्चा की गई, ग्राम छिड़यिा पलारी में स्वच्छ भारत मिशन 2.0 अंतर्गत एम.आर.एफ. व बव.बवउचवेजपदह इकाई के विस्तारीकरण में मशीन क्रय करने से संबंधित चर्चा की गई, स्वास्थ्य शाखा अंतर्गत नगरीय क्षेत्रान्तर्गत साफ सफाई व्यवस्था में 30 कर्मचारियों को एक वर्ष की समयावधि हेतु आउटसोर्स के माध्यम से कार्य पर रखे जाने की चर्चा की गई, अमृत 2.0 के अंतर्गत मठ तालाब की बाडी रिज्युवेशन की स्वीकृत कार्ययोजना (डी.पी.आर.) को पुनरीक्षित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में चर्चा की गई, अमृत 2.0 योजनान्तर्गत जलप्रदाय कार्य के तहत नगरीय क्षेत्र में प्रस्तावित पानी टंकी निर्माण कार्य स्थलों का अनुमोदन पर चर्चा की गई, नगरीय क्षेत्रान्तर्गत निर्माण/विकास कार्यो की कार्ययोजना तैयार करवाये जाने हेतु कंसलटेन्ट एवं आर्किटेक्ट/फर्म नियुक्त किये जाने के संबंध में चर्चा की गई एवं मरम्मत/निर्माण कार्यो में उपयोग होने वाली सामग्री की वार्षिक निविदा की दर स्वीकृति पर चर्चा की गई। विचार एवं निर्णय के लिये रखे गये सभी प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत परिषद की बैठक में उपस्थित पार्षदों ने सर्वसम्मति से पारित किया।

## दो बाइको की आपस मे भिड़ंत,3 लोग घायल,बालपुर ग्राम के समीप हुआ हादसा

जिले के घंसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बालपुर ग्राम के समीप रात्रि के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइको की आपस मे भिड़ंत हो जाने से बाइक सवार 3 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक बाइक में 2 लोग सवार होकर लखनादौन से घंसौर जा रहे थे और दूसरी बाइक में 1 युवक घंसौर से बालपुर आ रहा था। जब वह मेहता गांव के पास पहुंचे तो दोनों बाइको की भिड़ंत हो गई, इस दुर्घटना में बाइक सवार 3 घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्षियों ने पुलिस और 108 वाहन में दी जिसके बाद घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां लोगो का व वाहनों का आना जाना अधिक होता है। यदि घटना के समय लोग मौजूद होते या वाहन आते जाते होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया का कहना है कि सूचना मिली थी कि बाइक से गिरने पर बाइक सवार घायल हो गए हैं। फिलहाल जांच की जा रही है। पुलिस लगातार लोगो से अपील कर रही है कि सावधानी पूर्वक वाहन चलाएं। बाबजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

## सर्प जहर निरोध दवा एवं रेबीज निरोध दवाइयां हर केंद्र पर उपलब्ध रखें--भाकपा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** इस समय वर्षा ऋतु आने वाली है हर जगह पानी बरसने वाला है ऐसे समय में जगह-जगह चाहे शहरी क्षेत्र हो या चाहे ग्रामीण क्षेत्र हो सभी जगह जहरीले जीव जंतु सांप बिच्छू अधिक संख्या में हर जगह निकलते रहते हैं ऐसे समय यदि वे किसी मनुष्य को काट दे तो जहर फैलने से मनुष्य की जानवरों की मृत्यु हो जाती है। इसी तरह इस मौसम में कुत्ते बिल्ली सियार लोमड़ी आदि जानवरों के काटने के प्रकरण भी बहुत आते हैं ऐसे समय में बहुत से ग्रामीण लोग पंडा पुजारी गुनिया फकीर बाबा आदि के पास जाकर झाड़ फूंक करके जहर का इलाज करवाने पहुंचते हैं ऐसे में कई लोगों की मृत्यु हो जाती है या कई लोगों को अस्पताल जाते तक बहुत देर हो जाती है और वह कलवित हो जाते हैं। ऐसे कठिन समय में अस्पताल पहुंचने पर अस्पताल में भी एंटी स्नेक और एंटी रेबीज की दवाइयां नहीं मिलने से ग्रामीण जनों को अपने प्रिय जनों को खोना पड़ता है। अतः भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव ओम प्रकाश बोर्ड सहित डीडी वासनिक राजेंद्र जैसवाल डॉ बी सी ओके तीरथ प्रसाद गजभिए किरण प्रकाश राहुल कुमार यीशु प्रकाश पवन कुमार सनोदिया मंजू ककोड़िया शकुन चौधरी आदि ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से अपील की है कि वह जिले के हर अस्पताल में एंटी स्नेक और एंटी रेबीज की दवाइयां हर समय उपलब्ध रखें ताकि आम जनता को किसी तरह जान माल की हानी ना होने पावें।

**खबर संक्षेप**

### गणित विषय में बच्चों को निपुण करने के लिए शिक्षकों का दो दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** जनपद शिक्षा केंद्र खैरलांजी में सभाकक्ष में गुरुवार 12 जून को प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा पहली और दुसरी के बच्चो को गणित विषय में निपुण बनाने के लिए प्राथमिक स्कूल के शिक्षको को दो दिवसीय एफएलएन गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण दिया गया। बताया गया की गणित रिफ्रेशर प्रशिक्षण दो चरणो में शिक्षको को प्रदान किया जा रहा है।प्रथम चरण की शुरुआत 11 जून से कि गई है जो 12 जून गुरुवार तक चला । इस दौरान प्रथम चरण के प्रशिक्षण में 4 मास्टर ट्रेनरो के द्वारा शिक्षको को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।द्वितीय चरण की शुरुआत 13 जून से होगी जो 14 जून तक चलेगा। प्रथम चरण में 4 मास्टर ट्रेनरो के द्वारा 66 स्कूलो के शिक्षको को प्रशिक्षण दिया गया है। बीआरसी शंकर लाल भगत ने बताया की प्राथमिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा पहली और दुसरी के बच्चो को गणित विषय में दक्षता प्रदान करने व निपुण करने के उद्देश्य से एफएलएन प्रशिक्षण दो चरण में शिक्षक को प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 66 स्कूलो के शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण का दुसरा चरण 13 जून से शुरू होगा । इस दौरान प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एवं शिक्षक मौजूद रहे।

### विश्व हिंदू परिषद की संगठन विस्तार बैठक 15 जून को

**वारासिवनी।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड वारासिवनी की संगठन विस्तार को लेकर प्रखंड पालक पंकज बिसेन के आतिथ्य में 15 जून को शंकर तालाब के निकट स्थित जोड़ा पीपल हनुमान मंदिर परिसर में शाम 4 बजे से आहूत की गई हैं। इस आशय की जानकारी देते हुए परिषद के वारासिवनी प्रखंड अध्यक्ष श्याम बोकड़े ने बताया कि रविवार 15 जून को आयोजित इस बैठक में संगठन के विस्तार के साथ ही गौ रक्षा एवं क्षेत्र में बड़े स्तर पर चल रहे धर्मांतरण, लव जिहाद, गौ तस्करी सहित अन्य विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर इस पर कार्ययोजना बनाई जायेगी। परिषद के अध्यक्ष श्याम बोकड़े ने इस बैठक में सभी हिंदूवादी विचारधारा के लोगों से शामिल होने की अपील की हैं।

### शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**वारासिवनी।** माधवराव सदाशिव राव गोलवकर स्मृति न्यास के तत्वावधान में शिक्षकों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 11 एवं 12 जून को केशव इंग्लिश स्कूल में आयोजित किया गया। इस शिविर में केशव इंग्लिश स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।शिविर में केशव विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा एवं 40 शिक्षक, शिक्षिकाओं तथा सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा तथा 18 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें विभाग सरसंघ चालक श्रीरंग देवरस द्वारा अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ज्ञान विकास समिति अध्यक्ष तिलक पारधी, सचिव संजय मान्धाता, सदस्य श्रीमती चेतना देवरस, राजेश सिघंई उपस्थित रहे।

## एयर इंडिया विमान हादसे पर विधायक संजय उइके ने व्यक्त की शोक संवेदना

### हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**दिनांक 12 जून को अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे ने पूरे देश को गहरे शोक में डुबो दिया है। लंदन जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट के दुर्घटनाग्रस्त होने से लोगों की असमय मृत्यु अत्यंत ही हृदयविदारक और दुःखद है।**



इस हृदय-विदारक दुर्घटना ने न जाने कितने परिवारों को अपूर्णीय क्षति दी है। मासूम सपने, जीवन की उम्मीदें और कई घरों के चिराग एक ही पल में बुझ गए। संजय उइके, विधायक एवं अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी बालाघाट, इस भीषण हादसे में दिवंगत सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस अपार दुःख की घड़ी में उनके परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट की है।

यह एक ऐसा शोक है जिसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। पूरे देश की भावनाएं आज पीड़ित परिवारों के साथ हैं। मै ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिजनों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें।

**संजय उइके**
**विधायक, बैहर**
**अध्यक्ष, जिला कांग्रेस कमेटी**
**बालाघाट (म.प्र.)**

## अवैध उत्खनन पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही



### अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 11 ट्रैक्टर किये जब्त

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना द्वारा जिले में सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर दंडात्मक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया है। इसी के परिपालन में वारासिवनी एसडीएम श्री राजीव रंजन पांडे के मार्गदर्शन में गुरुवार को राजस्व एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए लालबर्रा तहसील के ग्राम धपेरा वैनगंगा में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करते 11 ट्रैक्टर जप्त किये गए। साथ ही जिले के आम नागरिकों से अपील की गई है कि अवैध उत्खनन की सूचना तुरंत पुलिस को देना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान राजस्व एवं पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा।

## अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्यवाही

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन मे मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रहीं है। आबकारी विभाग से प्राप्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि गुरुवार को आबकारी वृत वारासिवनी के द्वारा ग्राम खमरिया के गारापुरी में अलग-अलग स्थानों से प्लास्टिक के डिब्बों में भरा हुआ लगभग 225 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर 01 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया । वहीं सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 22500 रूपये बताया गया है। इस कार्यवाही मे वृत प्रभारी संदीप श्रीवास,आरक्षक नरसिंह टेकाम , भानु प्रताप एवम अनिता कुमरे उपस्थित रहे।



## कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल रहीम खान, 33 वर्षों से पार्टी को दे रहे सेवाएं

### अल्पसंख्यकों के साथ ही बहुसंख्यक समाज में है मजबूत पकड़

**बालाघाट।** संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर दावेदारों और कार्यकर्ताओं की नब्ज भांपने, आज 13 जून से तीन दिवसीय दौरे पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी से पर्यवेक्षक बालाघाट आ रहे है। जिसमें कांग्रेस के कई बड़े नेता, जिलाध्यक्ष पद की दावेदार बताए जा रहे है। जिसमें पार्टी को 33 वर्ष से, एक कर्मठ सिपाही के रूप में सेवाएं दे रहे अल्पसंख्यक वर्ग से आने वाले रहीम खान का नाम भी प्रबल दावेदार के रूप में देखा जा रहा है।

एक जानकारी अनुसार 1992 से, कांग्रेस राजनीति में सक्रिय रहीम खान, 10 वर्षो तक लगातार जिला कांग्रेस कमेटी में उपाध्यक्ष रह चुके है। इसके अलावा युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष, महामंत्री और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के वह, प्रतिनिधि सलाहकार रह चुके है। जिससे उन्हें संगठन और राजनीति में काम करने का एक लंबा अनुभव है। अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज से आने वाले रहीम खान, ना केवल सामाजिक रूप से बल्कि बहुसंख्यक, हिन्दु समाज में भी अपना खासा दबदबा रखते है। यही कारण है कि उनके संगठन और राजनीति में काम करने का पूर्व सांसद विश्वेश्वर भगत, पूर्व विधायक अशोकसिंह सरस्वार, पूर्व कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पुष्पा बिसेन और वरिष्ठ नेता उम्मेद लिल्हारे, लोहा मानते हैं।

कांग्रेस नेता रहीम खान, ना केवल संगठन और राजनीति में सक्रिय रहे है, बल्कि खेल और सांस्कृतिक, सामाजिक क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित की है। हालिया समय में देखे तो कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जातीय जनगणना, मुद्दे को उन्होंने बालाघाट में पुरजोर तरीके से उठाया और इसके लिए सड़क तक आंदोलन किए। जो जिले के दूसरे कांग्रेस नेताओं में दिखाई नहीं दिया।

बालाघाट मुख्यालय में लंबे समय तक शहर कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में जनहितैषी मुद्दो की बात करें या सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफत हो, रहीम खान, सड़क पर उतरकर आम जनता की आवाज बने है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष के रूप में अल्पसंख्यक वर्ग से प्रतिनिधित्व का विचार यदि कांग्रेस पार्टी और नेता करते है तो निश्चित ही रहीम खान, जिलाध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त चेहरा है।

## ग्रामवासियों की उचित मांग के समर्थन में आए विधायक विक्की पटेल



### अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम रामपायली में श्रीराम मंदिर एवं ग्राम पंचायत भवन परिसर में प्रस्तावित अंग्रेजों के शासनकाल का पुराना थाना स्वरूप निर्माण को लेकर पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों और क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और पाया कि उक्त स्थल पर किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण करना उचित नहीं हैं। चूंकि उक्त स्थल भगवान श्री राम मंदिर एवं ग्राम पंचायत भवन का प्रांगण है तथा यहां वर्ष भर विविध आयोजन होते रहते हैं, ऐसी परिस्थिति में यहां किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं होना चाहिए। विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्रामवासियों की मांग को जायज ठहराते हुए पर्यटन मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा किप्रस्तावित निर्माण कार्य को ग्रामवासियों की मंशानुसार अन्य स्थान पर किया जावे, ताकि ग्राम के विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में काम आने वाला यह एकमात्र परिसर हमेशा-हमेशा के लिए सुरक्षित रह सके। इस दौरान विधायक विवेक विक्की पटेल ने सांसद निधि से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया तथा ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के निर्देश दिए।

## पर्यावरण बचाने के लिए बनाया ट्री बैंक

### नागरिकों को निःशुल्क वितरित कर रहे पौधे

**वारासिवनी।** बढ़ती मानव जाति, उनके रहने के लिए जमीन की जरुरतों एवं वन माफियाओं द्वारा काटे जा रहे जंगलों के चलते सम्पूर्ण विश्व में तेजी से घटते वनों की वजह से लगातार बढ़ते तापमान और तेजी से गिरते भूजल स्तर की वजह से पशु, पक्षियों सहित मानव समाज पर भी इसका बेहद ही प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। अब मानव जाति लगातार घटते वनों और तेजी से बढ़ते तापमान की चपेट में आने के बाद सबक लेकर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागृत हो रही हैं, तो वहीं सरकारें भी पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विभिन्न योजनाएं लाने के साथ ही लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए जागरूकताअभियान चला रही हैं। वारासिवनी जनपद पंचायत की सीईओ सुश्री दीक्षा जैन ने शहर के कुछ पर्यावरण प्रेमियों को साथ लेकर अनुकरणीय पहल करके शहर में जिले का पहला ट्री बैंक जनपद पंचायत परिसर में खोला हैं, जहाँ से लोग निःशुल्क पौधे लगाने ले जा भी सकते हैं और इस ट्री बैंक में जमा भी कर सकते हैं।

### एक वर्ष पूर्व खुला हैं ट्री बैंक, एक हजार पौधों से हुई शुरुआत...

विदित हो कि एक वर्ष पूर्व 10 जून 2024 से जनपद पंचायत भवन के परिसर में जनपद सीईओ सुश्री दीक्षा जैन ने बीते 15 वर्षों से पर्यावरण के प्रति लोगों के बीच अलख जगाकर विभिन्न संस्थाओं व खाली जगहों पर पेड़ लगाकर हरियाली फैलाने वाले एक प्रकृति प्रेमी विश्वेश्वर दमाहे के साथ मिलकर बीते वर्ष 10 जून से ट्री बैंक का शुभारंभ किया। जिसमें करीब 11 सौ विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे रखे गए थे। जहाँ से सैकड़ों नागरिकों द्वारा अब तक निःशुल्क पौधे ले जाकर उनका रोपण किया गया हैं, इतना ही नही कई नागरिकों द्वारा बीते एक वर्ष में विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी भेंट किए गए हैं, ताकि विशेष दिवस को यादगार बनाने और पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रकृति प्रेमियों को पौधों के लिए कहीं भटकने की जरूरत ना पड़े और वे लोग इस ट्री बैंक से अपने पसंद के पौधे ले जाकर उसका रोपण कर सकें।

### लगातार बढ़ते तापमान और कम होते जंगलों कम होते जलस्तर से मिली प्रेरणा...

इन प्रकृति प्रेमियों ने बताया कि 15 वर्ष पूर्व उन लोगों द्वारा धरती पर लगातार बढ़ते तापमान, कम होते जंगल की वजह से लगातार कम हो रहे जलस्तर से पानी और चारे के लिए परेशान होते मूक पशुओं को देखकर उनके मन में पर्यावरण को बेहतर बनाने की ललक जागी। तब से वे लोग लगातार विभिन्न स्थानों पर पौधे लगा रहे हैं। इतना ही नहीं यह पर्यावरण प्रेमी जहाँ भी पौधे लगाते हैं, उनकी तब तक सेवा करते हैं, जब तक कि पूर्णरूप से बड़े ना हो जाए। इस ग्रुप में शामिल करीब 5 युवाओं ने निःश्वार्थ भाव से बीते करीब 15 वर्षों में 18 हजार से अधिक पौधों का रोपण कर उनके पूर्ण रुप से बड़े होने तक देखभाल की हैं। इसी का असर हैं कि शहर के बीटीआई स्कूल, टिहली बाई माध्यमिक स्कूल और मोक्षधाम में आज विभिन्न तरह के पौधे पेड़ बनकर लोगों को ठंडी छाया के साथ ही शुद्ध ताजी हवा भी उपलब्ध करवा रहे हैं।




## एथेनाल से भरा हुआ टेंकर अनियंत्रित होकर पलटा



**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत झालीवाडा के प्रवेश द्वार के सामने बुधवार की शाम को एथेनाल से भरा हुआ एक टेंकर अनियंत्रित होकर पलट जाने से ग्रामीणों में हडक्रंप मच गया था। जिसके बाद सूचना मिलने पर प्रशासन के अधिकारियों ने घटना स्थल पर पहुॅच कर यातायात को बंद करवा दिया और देर रात्रि में क्रेन के माध्यम से टेंकर को उठा कर आवागमन सुचारु रुप से प्रारंभ करवाया। इस बीच बिजली बंद करवा देने से ग्राम झालीवाड़ा के ग्रामीणों को गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। झालीवाड़ा के प्रवेश द्वार के सामने सडक़ पर पलटा टेंकर जानकारी अनुसार ग्राम खापा में स्थित एथेनाल प्लांट से बुधवार की शाम को एक टेंकर एथेनाल भरकर रामपायली मार्ग की ओर रवाना हुआ था। यह टेंकर जब ग्राम पंचायत झालीवाड़ा के प्रवेश द्वार के पास पहुॅचा, तभी टेंकर चालक का नियंत्रण वाहन पर से हट गया और टेंकर अनियंत्रित होकर सड़किनारे पलट गया। टेंकर के पलटने के साथ ही उसमें भरा हुआ ज्वलनशील पदार्थ एथेनाल बाहर निकल कर बहने लगा। जिससे ग्रामीणों में हडक्रंप की स्थिति बन गई।

### सूचना मिलने पर पुलिस ने पहुॅच कर आवागमन करवाया बंद

इस घटना की सूचना मिलने पर रामपायली पुलिस थाने के अधिकारी व पुलिसकर्मी तत्काल घटना स्थल पर पहुॅचे और आवागमन को व्यवस्थित करते हुए उन्होंने ग्राम मेंहदीवाड़ा चौक से रामपायली की ओर जाने वाले वालों का मार्ग परिवर्तित कर दिया। वहीं रामपायली की ओर से वारासिवनी की ओर आने वाले वाहनों का मार्ग भी रामपायली चौक से परिवर्तित कर दिया गया। जिसके लिए बाकायदा पुलिस विभाग द्वारा माईक से लगातार इस मार्ग से नहीं गुजरने व टेंकर के पास नहीं जाने की अपील वाहन चालकों व ग्रामीणों से की जाती रही। जिससे किसी भी प्रकार की घटना घटित ना हो पाये। एसडीएम सहित प्रशासन व पुलिस बल पहुॅचा स्थल पर इस बीच स्थिति को सम्हालने के लिए वारासिवनी एसडीएम राजीव रंजन पांडे, एसडीओपी अभिषेक चौधरी, तहसीलदार इमरान मंसूरी, वारासिवनी टी आई हेमंत नायक भी घटनास्थल पर पहुॅचे और स्थिति का जायजा लेने के बाद वारासिवनी व लालबर्रा के पुलिस बल को बुलाकर आवागमन पर नियंत्रण किया गया। घटना के बाद खापा एथेनाल प्लांट के कुछ कर्मचारी भी घटना स्थल पर आ गए थे।



### टेंकर से बहते हुए एथेनाल को खेत के गड्ढे में बहाया

टेंकर से लगातार बहते हुए एथेनाल को व्यवस्थित करने के लिए सडक़ किनारे के खेत में एक गड्ढा खोदा गया और बहते हुए एथेनाल की धारा को उस गड्ढे की ओर मोड़ दिया गया। जिससे टेंकर से निकलने वाला एथेनाल उस गड्ढे में एकत्रित होते रहा। देर रात्रि में जब टेंकर से एथेनाल बाहर निकल गया, उसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को सीधा किया गया और देर रात्रि में एक बार फिर से वारासिवनी-रामपायली-मोवाड़ के बीच का यातायात सुगम तरीके से प्रारंभ किया गया।

### नशे में था टेंकर चालक

ग्रामीणों के अनुसार टेंकर चालक नशे में धुत था। जब वह मेंहदीवाड़ा की ओर से टैंकर लेकर आ रहा था, तब उसकी रफ्तार बेहद तेज थी। टैंकर पलटने के दौरान कोई वाहन या व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ी दुर्घटना घट सकती थी। टैंकर पलटने के बाद ग्रामीणों ने उसके केबिन से चालक को बाहर निकाला। जो नशे में धुत था। टैंकर में ज्वलनशील पदार्थ एथेनाल के भरे होने से ग्रामीणों में भय भी व्याप्त रहा। क्योंकि एक छोटी सी चिंगारी भी बहुत बड़ी घटना को जन्म दे सकती थी। फिलहाल प्रशासन की सतर्कता के कारण कोई बड़ी घटना नहीं घटी, लेकिन देर रात्रि तक बिजली बंद होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## हॉकी खिलाड़ी स्वर्गीय मिश्रा की स्मृति में मरीजों को किया गया फल वितरण



**वारासिवनी।** बालाघाट जिले के प्रतिष्ठित हॉकी खिलाड़ी स्वर्गीय राजकुमार मिश्रा की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके परिवारजनों और उनके शुभचिंतकों ने शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी में फल वितरित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह पहल राजकुमार मिश्रा के खेल के प्रति जुनून और सामाजिक सरोकारों को याद करने के लिए की गई। \ इस अवसर पर उनके प्रियजनों ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल भेंट कर उनकी स्मृति को जीवंत किया। जो उनके नेक विचारों और सामुदायिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नेक कार्य में स्वर्गीय राजकुमार मिश्रा के परिवारजनों में प्रमोद मिश्रा, मिथुन मिश्रा, मयंक मिश्रा, शुभचिंतकों में बुदबुदा भाजपा मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पटेल, रामपायली भाजपा मंडल अध्यक्ष मिलिंद नगपुरे, पार्षद मोनू लिमजे, बाली देशपांडे, मिथुन बुरडे, जगदीश नेमा, शुभम मोंटू जैन, चित्रेश बिसेन उपस्थित रहे।




